Seventeenth Loksabha

pan>

Title: Regarding payment of claims to farmers under Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana in Mahasamund Parliamentary Constituency, Chhattisgarh.

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): महोदय, देश की कृषि ज्यादातर मौसम पर निर्भर करती है।... (व्यवधान) अनेकों बार किसानों की फसल अल्प वर्षा और अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण नष्ट हो जाती है और किसान कृषि कार्य करने में निःसहाय हो जाते हैं।... (व्यवधान) ऐसी स्थिति से निपटने के लिए हमारे आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' वर्ष 2016 में लागू कर किसानों को राहत देने का कार्य किया गया है, लेकिन इसमें भी राज्य सरकार के द्वारा चिन्हित ग्रामों में किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा की राशि को समय पर नहीं देना कृषि कार्य को कमजोर करना है।... (व्यवधान) किसानों के लिए यह एक अभिशाप ही है। महोदय जी, छत्तीसगढ़ में मेरे लोकसभा महासमुंद क्षेत्रांतर्गत कृषकों को पिछली फसल के समय जिन ग्रामों में अल्प वर्षा के कारण फसल नहीं हुई है, अब तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि नहीं मिलने के कारण किसान काफी आक्रोशित हैं, जिन्हें वर्तमान में कृषि के लिए बीज, खाद्य एवं कीटनाशक दवाइयाँ खरीदने की अति आवश्यकता है।... (व्यवधान) वर्तमान में आर्थिक रूप से कमजोर किसान कृषि कार्य से पिछड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ राज्य सरकार के अधिकारियों की कथित लापरवाही के कारण किसान आज योजना से वंचित होकर खुद ठगा सा महसूस कर रहा है।... (व्यवधान) अतः सरकार से निवेदन है कि उक्त विषय को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ राज्य के किसानों को मिलने वाली प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की राशि अतिशीघ्र प्रदान कराने हेतु निर्देशित करें, ताकि किसानों को अपने कृषि कार्य करने में उक्त योजना का लाभ समय पर मिल सके।... (व्यवधान)